न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर फूलियाकलां जिला भीलवाडा
पीठासीन अधिकारी– श्री भंवरलाल कांसोटिया, आर.ए.एस.

प्रकरण सं0 – 20 / 2018 / प्रार्थना पत्र	तारीख दायर 02.02.2018	तारीख फैसला 28.02.2018

उनवान

1– रामप्रसाद पिता भैरू कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
2– धन्नी बेवा भैरू कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां

– प्रार्थीगण

बनाम

1– लादू पिता प्यारा खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
2– पन्ना पिता मदन रेगर निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
3– मदन पिता राजू रेगर निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
4– रतन पिता राजू रेगर निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
5– रामदेव पिता राजू रेगर निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
6– कैलाश पिता उगमा कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
7– कमल पिता नन्दा मीणा निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
8– कैलाश पिता सुगना मीणा निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
9– देवकरण पिता छोगा खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
10–भागुता पिता रामचन्द्र खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
11–हाथी पिता रामा खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
12–सत्तु पिता रामा खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
13–महावीर पिता रामा खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
14–रामधन पिता घीसा कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
15–रामदेव पिता घीसा कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
16–महावीर पिता घीसा कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
17–लाली पिता घीसा कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
18–रामकन्या उर्फ सीमा पिता घीसा कुम्हार निवासी बालापुरा
19–लाडू पत्नि घीसा कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां

– विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा– 128 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :– श्रीमती मदीना बानू : अधिवक्ता प्रार्थीगण

निर्णय

प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा – 128 एल0आर0एक्ट विरूद्व विपक्षीगण के प्रस्तुत किया जिसके संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है, ग्राम बालापुरा पटवार हल्का बालापुरा तहसील फूलियाकलां मे प्रार्थीगण की खातेदारी अधिकार की खाता संख्या 169 आ0न0 928 रकबा 0.09 है0, आ0न0 933 रकबा 0.12 है0, आ0न0 937 रकबा 0.18 है0 आ0न0 941 रकबा 0.10 है0 कुल किता 04 रकबा 0.49 है0 स्थित है। पेरा नं0 1 मे वर्णित आराजीयात की सीमाओं के विपक्षीगण नं0 1 व 13 पड़ोसी होने से आये दिन फसल काश्त करते समय व फसल काटते समय मौके पर विवाद करते है। विपक्षी संख्या 14 लगायत 19 शामलाती खातेदार होने से आवश्यक पक्षकार बनाये गये है। अतः निवेदन है कि पैरा नं0 1 मे वर्णित आराजी की मुस्तकिल निशान से पत्थरगढ़ी किये जाने का आदेश बक्षाते हुए प्रार्थीगण की भूमि की चारों सीमाओं पर मुस्तकिल निशान लगाये जाने का आदेश बक्षावे।

प्रकरण पंजीबद्व किया जाकर विपक्षीगणों को जरिये सम्मन तलब किया गया। दिनांक 28.02.2018 को विपक्षी संख्या अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 13 के सम्मन बाद तामील प्राप्त हो जाने पर भी उपस्थित नही हुये। अतः अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 13 के विरूद्व एक तरफा कार्यवाही की गई। प्रार्थीगण के अभिभाषक ने बहस करनी चाही जिससे उनकी एक तरफा बहस सुनी गई। बहस मे अभिभाषक प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यों एवं दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने हेतु निवेदन किया। बहस पर मनन एवं दस्तावेज का अवलोकन किया गया। जमाबन्दी ग्राम बालापुरा पटवार मण्डल बालापुरा संवत 2071 से 74 के खाता संख्या 169 आ0न0 928 रकबा 0.09 है0, आ0न0 933 रकबा 0.12 है0, आ0न0 937 रकबा 0.18 है0 आ0न0 941 रकबा 0.10 है0 कुल किता 04 रकबा 0.49 है0 के प्रार्थीगण खातेदार काश्तकार दर्ज रेकार्ड है अतः उक्त आराजी की पत्थरगढ़ी के आदेश दिया जाना उचित समझता हूँ :–

आदेश

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट विरूद्व विपक्षीगण के स्वीकार किया जाकर वाके ग्राम बालापुरा पटवार हल्का बालापुरा तहसील फूलियाकलां मे प्रार्थीगण के खातेदारी अधिकार की खाता संख्या 169 आ0न0 928 रकबा 0.09 है0, आ0न0 933 रकबा 0.12 है0, आ0न0 937 रकबा 0.18 है0 आ0न0 941 रकबा 0.10 है0 कुल किता 04 रकबा 0.49 है0 के प्रार्थीगण के खातेदारी आराजीयात की पत्थरगढ़ी अन्य किसी न्यायालय मे प्रकरण जैरकार होकर स्थगन आदेश आदि न हो तो पक्षकारान की मौजूदगी मे ऑफ सीजन मे पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु तहसीलदार फूलियाकलां को 200/- (अक्षरे दो सौ रूपये मात्र) की कमीशन राशि पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीशन राशि मौके पर प्रार्थीगण से प्राप्त करे। निर्णय प्रति पालनार्थ तहसीलदार फूलियाकलां को भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

आदेश आज दिनांक 28.02.2018 को विवृत न्यायालय मे सुनाया गया।

(भंवरलाल कांसोटिया)
आर0ए0एस0
उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, फूलियाकलां (भीलवाडा)

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर
फूलिया कलाँ, जिला-भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :- तहसीलदार, फूलियाकलां पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान की मौजूदगी मे नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट शीघ्र भिजावे।

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, फूलियाकलां (भीलवाडा)

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलेक्टर
फूलिया कलाँ, जिला-भीलवाड़ा